# पूर्वांचल में 1.24 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने को तैयार

## एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और इनलैंड वाटरवे ने निवेशकों को किया आकर्षित

**यूपीजीआइएस-2023**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआइएस) में प्राप्त हुए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की कोशिशों में जुटी सरकार को पूर्वांचल से अच्छे परिणाम मिलते दिखाई दे रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों को लेकर सहेजे जा रहे आंकड़े बता रहे हैं कि पूर्वांचल में 1,24,391 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने को पूरी तरह से तैयार हैं। इसकी बड़ी वजह इस क्षेत्र में एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इनलैंड वाटरवे और बेहतरीन रेल कनेक्टिविटी के साथ ही बिजली आपूर्ति और कानून-व्यवस्था में सुधार को बताया जा रहा है।

पूर्वांचल में निवेश का बड़ा हिस्सा उन तीन जिलों से आता दिखाई दे रहा है, जिसे कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। सोनभद्र में 30 प्रोजेक्ट के जमीन पर उतरने को तैयार हैं। वहां निवेशकों ने 54,042 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर अंतिम सहमति दे दी है। चंदौली में 16,161 करोड़ और मीरजापुर में 5,957 करोड़ का निवेश धरातल पर उतरने जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले और बड़ी संख्या में निवेशकों को निवेश के लिए तैयार किया जाए। दीपावली के बाद प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 13 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक की उपलब्धि करीब 60 प्रतिशत बताई जा रही है।

### कहां कितना होगा निवेश

| जिला | प्रोजेक्ट | प्रस्तावित निवेश |
|---|---|---|
| सोनभद्र | 30 | 54,042.00 |
| चंदौली | 46 | 16,161 |
| मीरजापुर | 46 | 5,957 |
| वाराणसी | 105 | 13,949 |
| गोरखपुर | 249 | 10,087 |
| प्रयागराज | 130 | 7,041 |
| गाजीपुर | 85 | 527 |
| जौनपुर | 90 | 2,299 |
| भदोही | 35 | 254 |
| मऊ | 39 | 929 |
| आजमगढ़ | 93 | 595 |
| बलिया | 33 | 1,586 |
| देवरिया | 66 | 711 |
| कुशीनगर | 54 | 635 |
| महराजगंज | 83 | 572 |
| संत कबीर नगर | 25 | 484 |
| बस्ती | 90 | 1,339 |
| सिद्धार्थनगर | 45 | 222 |
| प्रतापगढ़ | 55 | 5,367 |
| फतेहपुर | 58 | 1,326 |
| कौशांबी | 30 | 308 |

(निवेश प्रस्ताव करोड़ रुपये में)

सूचना संख्या:
सर्वसाध
संचालन वाहन
है जैसे हैं" की
गठित समिति
वाहन सं0 एवं प्रकार